Bharat Temples

ऐ श्याम तेरी बंसी की कसम हम तुमसे मोहोब्बत कर बैठे

ए श्याम तेरी बंसी की कसम,
हम तुमसे मोहोबत कर बैठे ।
इस दिल के सिवा कुछ और न था,
यह दिल भी तुम्हारा कर बैठे ॥

हम रंग गए तेरे रंग में,
ओ सावरे सुन ले अरज मेरी ।
कुछ खोया भी कुछ पाया भी,
तेरी प्रीत से झोली भर बैठे ॥

पलकों में छिपा कर श्याम
तुझे तन मन कुर्बान किये बैठे हैं ।
पकड़ा जब तेरे दामन को,
जीने का सहारा कर बैठे ॥

मगरूर हुआ क्यूँ कर लेकिन,
जरा सामने आ सूरत तो दिखा ।
कमजोर है दिल दीवाने का,
श्याम इतना किनारा कर बैठे ॥

तस्वीर को तेरी जब देखा,

मदहोश हुआ, बेहोश हुआ ।
देखा जब तेरी सूरत को
सजदे में जुकाए सर बैठे ॥

Source: https://www.bharattemples.com/ae-shyam-teri-bansi-ki-kasam/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw